ಕೆನರಾ ಬ್ಯಾಂಕ್ केनरा बैंक Canara Bank

ಸಿಂಡಿಕೇಟ್ सिंडिकेट Syndicate

राजभाषा अनुभाग, मानव संसाधन विभाग, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरू

Official Language Section, Human Resources Wing, Head Office, Bengaluru

बुलेटिन संख्या :19/2021 दिनांक : 10.12.2021

वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय द्वारा केनरा बैंक, प्रधान कार्यालय का राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी निरीक्षण

दिनांक: 08 दिसम्बर, 2021

श्री भीम सिंह, उप निदेशक (राजभाषा), वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय द्वारा केनरा बैंक, प्रधान कार्यालय का राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी निरीक्षण दिनांक 08 दिसम्बर, 2021 को किया गया। सर्वप्रथम उन्होंने राजभाषा प्रदर्शनी का निरीक्षण किया।

श्री शंकर एस, मुख्य महा प्रबंधक, मानव संसाधन विभाग ने श्री भीम सिंह, उप निदेशक (राजभाषा) का स्वागत किया और अपने संबोधन में कहा कि केनरा बैंक में राजभाषा नीति, नियमों का अनुपालन सही ढंग से हो रहा है। राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें नियमित अंतराल में होती है जिसकी अध्यक्षता हमारे प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्वयं करते है और बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई की जाती है। उन्होंने जानकारी दी कि हमारे बैंक में सीबीएस का हिंदी वर्शन कर दिया गया है।

श्री एच एम बसवराज, उप महाप्रबंधक ने बैंक में हो रहे राजभाषा कार्यान्वयन के संबंध में किए जा रहे विभिन्न क्रियाकलापों की जानकारी पावर प्वाइंट प्रस्तुति में दी। साथ ही तिमाही प्रगति रिपोर्ट एसटीआर 18 को ऑनलाइन कराना, कार्डों पर पूर्व मुद्रित जानकारी को हिंदी में करवाना, हिंदी में परिचर्चा, संगोष्ठियों का आयोजन जैसे विषयों पर प्रकाश डाला।

श्री भीम सिंह, उप निदेशक (राजभाषा), वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय ने हमारे बैंक द्वारा हिंदी कार्यान्वयन पर अपनी संतुष्टी जाहिर की और प्रधान कार्यालय के कुछ विभागों का निरीक्षण भी किया और राजभाषा कार्यान्वयन का जायजा लेते हुए पत्राचार संबंधी अभिलेखों को और बेहतर ढंग से रखे जाने पर जोर दिया।

बुलेटिन संख्या :19/2021 दिनांक : 10.12.2021

ಕೆನರಾ ಬ್ಯಾಂಕ್ केनरा बैंक Canara Bank

राजभाषा अनुभाग, मानव संसाधन विभाग, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरू
Official Language Section, Human Resources Wing, Head Office, Bengaluru

बुलेटिन संख्या :19/2021 दिनांक : 10.12.2021

बुलेटिन संख्या :19/2021 दिनांक : 10.12.2021